CG PRE. B.ED ALL PREVIOUS YEAR

QUE. (शिक्षण अभिरुचि )

[EXAM YEAR 2018]

1. जब कोई बालक पूर्वानुमानित दंड एवं पुरस्कार के आधार पर नैतिक निर्णय लेता है तो वह............... से गुजर रहा होता है।

(A) पारम्परिक नैतिकता

(B) पूर्वपारम्परिक नैतिकता

(C) उत्तरपारम्परिक नैतिकता

(D) अभिप्राय एवं प्रत्यानयन

2. कार्यक्रमिक अधिगम में शिक्षण सामग्रियों को ................स्तर से सुव्यवस्थित किया जाता है।

(A) क्रमिक कठिनता स्तर

(B) क्रमिक विभेदन स्तर

(C) क्रमिक अवधि स्तर

(D) क्रमिक विमर्षण स्तर

3. स्थानापन्न अधिगम प्रक्रिया जिसका उपयोग व्यवहार 'मॉडलिंग' अभ्यासों में होता है, का सही क्रम........... है।

(A) अभिप्रेरण, पेशीय उत्पादन, धारणा एवं ध्यान

(B) ध्यान, पेशीय उत्पादन, धारणा एवं अभिप्रेरण

(C) ध्यान, धारणा, पेशीय उत्पादन एवं अभिप्रेरण

(D) धारणा, ध्यान, अभिप्रेरण एवं पेशीय उत्पादन

4. खेल के माध्यम से शिक्षा

(A) मनोवैज्ञानिक है

(B) अमनोवैज्ञानिक है

(C) रचनात्मक प्रवृत्ति को दबाती है

(D) समूह प्रवृत्ति को दबाती है

5. निम्नलिखित में से कौनसे तथ्य अच्छे परीक्षण की विशेषताओं से सम्बन्धित हैं ?

(A) विश्वसनीयता

(B) वैधता

(C) वस्तुनिष्ठता

(D) उपरोक्त सभी

6. भारत में 'IGNOU' की स्थापना कब हुयी ?

(A) 1982

(B) 1983

(C) 1985

(D) 1987

7. परिमाणात्मक प्रविधियाँ मापन करती हैं

(A) शाब्दिक मापन का

(B) अशाब्दिक मापन का

(C) मौखिक एवं लिखित प्रविधियों का

(D) इनमें से कोई नहीं

8. निम्नलिखित में से किसके लिये क्रियात्मक अनुसंधान की आवश्यकता होती है ?

(A) सिद्धान्त परीक्षण में

(B) शोध-प्रबन्ध लिखने में

(C) सिद्धान्त विकसित करने में

(D) कक्षा की समस्या का समाधान करने में

9. निम्नलिखित में से कौनसा अनुदेशन का अनौपचारिक साधन है ?

(A) टेलीकॉन्फरेंसिंग (B) रेडियो

(C) इ टेलीविजन (D) उपरोक्त सभी

Knowledge Capsule

10. शिक्षक द्वारा पढ़ाया जानेवाला विषय होना चाहिये

(A) छात्रों के मानसिक स्तर के अनुसार

(B) शिक्षक के ज्ञान के अनुसार

(C) शिक्षक की रुचि के अनुसार

(D) इनमें से कोई नहीं

11. शिक्षा मनोविज्ञान में ............अध्ययन किया जाता है।

(A) शिक्षा की उपयोगिता का

(B) सीखने तथा शिक्षण की प्रक्रिया का

(C) मनोविज्ञान के नियमों के उपयोग का

(D) समस्याओं के मनोवैज्ञानिक समाधान के तरीकों का

12. 'जो भी चीजें जटिल एवं कठिन होती हैं, मस्तिष्क के लिए उत्तम होती हैं।' इस उक्ति का प्रत्यक्ष सम्बन्ध.......... के सिद्धांत से है।

(A) औपचारिक अनुशासन

(B) समरूप तत्वों

(C) सामान्यीकरण

(D) पक्षान्तर

13. शैक्षिक लब्धि का सूत्र है।

(A) $\frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{कालक्रम आयु}} \times 100$

(B) $\frac{\text{शैक्षिक आयु}}{\text{मानसिक आयु}} \times 100$

(C) $\frac{\text{शैक्षिक आयु}}{\text{कालक्रम आयु}} \times 100$

(D) $\frac{\text{मानसिक आयु}}{\text{शैक्षिक आयु}} \times 100$

14. छात्रों के आवेगों का दमन करने से संभवतः

(A) वे अनुशासन मानने लगते हैं

(B) उनमें विद्रोह भावना पनपने लगती है

(C) उनकी सृजनात्मक शक्ति कुंठित हो जाती है

(D) B और C दोनों

15. निम्नलिखित में से किसे राष्ट्र के निर्माता कहा जा सकता है?

(A) प्राचार्य को

(B) प्रधानाचार्य को

(C) शिक्षकों को

(D) राजनैतिक नेतृत्व कर्ताओं को

16. शिक्षण के दौरान एक शिक्षक उदाहरण देते हैं, क्योंकि

(A) छात्रों का ध्यान आकर्षित कर सकें

(B) पाठ को रोचक बनाने हेतु

(C) पाठ को समझाने हेतु

(D) पाठ को लंबे समय तक पढ़ाने हेतु

17. छात्रों को उत्तम नागरिक बनाने हेतु शिक्षक को चाहिये, कि

(A) कठोर अनुशासन बनाए रखें

(B) उत्तम नेतृत्व प्रदान करें

(C) उत्तम अभिनेता हों

(D) उत्तम सामान्य ज्ञान हो

18. विकासात्मक कार्य तथा शिक्षा के क्षेत्र में ............का योगदान प्रशंसनीय है।

(A) स्किनर (B) हेविगहर्स्ट

(C) जोन्स (D) हरलॉक

19. पियाजे के अनुसार 12 से 16 वर्ष आयु के बालक संज्ञानात्मक विकास की............. अवस्था में होता है।

(A) औपचारिक संक्रिया

(B) संवेदी-पेशीय

(C) ठोस संक्रिया

(D) प्राक्संक्रियात्मक

20. केल्लर योजना किसे कहा जाता है ?

(A) निर्देश के वैयक्तिक क्रम

(B) कम्प्यूटर सहायता प्राप्त निर्देश

(C) रेखीय प्रोग्राम

(D) शाखा प्रोग्राम

21. बुद्धिलब्धि...........का उदाहरण हो सकता है।

(A) अन्तराल मापनी

(B) नामिक मापनी

(C) अनुपात मापनी

(D) क्रमिक मापनी

22. मानसिक स्वास्थ्य है

(A) संपूर्ण व्यक्तित्व का समग्र कार्य करना

(B) असामंजस्य के लक्षण

(C) अत्यधिक उत्साह

(D) क्रोध का प्रदर्शन

23. निम्नलिखित नीतियों में से कौनसी नीति पाठ का परिचय देने के लिये सबसे अधिक उपयुक्त है ?

(A) व्याख्यान (B) प्रदर्शन

(C) प्रश्न पूछना (D) शैली

24. एक प्रभावशाली शिक्षक............ के मानकों को अपनाता है।

(A) एकतंत्रीय समाज

(B) प्रजातान्त्रिक समाज

(C) दोनों A + B

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

25. वह व्यवहार जो यह दिखलाता है कि किसी अध्ययन में मात्र कोई प्रयोज्य होने से ही व्यक्ति का व्यवहार परिवर्तित हो सकता है, को...............कहा जाता है।

(A) प्रयोगकर्ता प्रभाव

(B) आत्म-परिपूरक पूर्वकथन

(C) पिग्मेलियन प्रभाव

(D) हाथोर्न प्रभाव

26. एक बालक को किसी के नाम एवं चेहरा के विषय में जल्द ही याद आ जाता है। इस तरह की अधिगम शैली को..........कहा जाता है।

(A) ठोस शैली

(B) क्षेत्र स्वतंत्र शैली

(C) क्षेत्र आश्रित शैली

(D) स्वतंत्र शैली

27. ..................पद का उपयोग कुछ मनोवैज्ञानिकों द्वारा किसी परिवर्त्य पर दिये गये आधारभूत आनुवंशिक प्रारूप (जिनोटाइप) पर संभावित उपलब्धि (फिनोटाइप) के प्रसार के लिये किया जाता है।

(A) प्रतिक्रिया प्रसार

(B) अवसीमा प्रसार

(C) प्रतिवर्त प्रसार

(D) अनुवांशिक प्रसार

Knowledge Capsule

28. मनोवैज्ञानिक जो विशेष समूह के बालकों की शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं का अध्ययन, कक्षाओं में करते हैं, …………..कहा जाता है।

(A) शिक्षा मनोवैज्ञानिक

(B) परामर्शदाता

(C) मनोचिकित्सक

(D) मनोविश्लेषक

29. स्पेनिश भाषी अधिक आसानी से फ्रेंच भाषा में प्रवीणता प्राप्त करलेते हैं। इस प्रक्रम को................कहा जाता है।

(A) धनात्मक अंतरण

(B) ऋणात्मक अंतरण

(C) शून्य अंतरण

(D) पार्शिक अंतरण

30. रमेश इस बात की जानकारी में अभिरुचि रखता है कि लोग अपने कार्य में किस तरह का व्यवहार करते हैं। अगर वह इस अभिरुचि को अपना जीवन वृत्ति ('केरियर') बनाना चाहता है, तो निम्नांकित में से कौनसा क्षेत्र सबसे उपयुक्त होगा ?

(A) औद्योगिक/संगठनात्मक मनोविज्ञान

(B) न्यायिक मनोविज्ञान

(C) पर्यावरणी मनोविज्ञान

(D) मानवकारक मनोविज्ञान

[Exam Year 2019]

31. यदि एक शिक्षक विद्यालय के किसी कार्यक्रम में समय पर नहीं पहुँचता है तो उस विद्यालय के प्राचार्य के रूप में आप क्या करेंगे ?

(A) कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात् उस शिक्षक से मिलने को कहेंगे।

(B) विद्यालय की प्रबंधन समिति को इसकी शिकायत करेंगे।

(C) सभी के सम्मुख उसे डाँटेंगे।

(D) आप उन्हें उनकी उत्तरदायित्वों के विषय में बताएँगे।

32. निम्नांकित में से कौन सा गुण अधिगम को सही रूप में परिभाषित करता है?

(A) अवबोध, कल्पनाशीलता एवं कार्यकुशलता

(B) व्यवहार में परिवर्तन, अभ्यास एवं अनुभव

(C) विश्वास, सृजनात्मकता एवं सहनशीलता

(D) अन्तर्बोध, बुद्धिमत्ता एवं स्मरण

33. निम्न में से कौन एक 'आऊटपुट डिवाइस' नहीं है।

(A) प्रिंटर

(B) स्पीकर

(C) मॉनीटर

(D) कीबोर्ड

34. एक शिक्षक को क्या करना चाहिए जब परीक्षाएँ निकट हों?

(A) विद्यार्थियों को अपने घर पर बुलाकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना चाहिए।

(B) विद्यालय में अतिरिक्त समय देकर पाठ्यक्रम पूर्ण करना चाहिए।

(C) विद्यार्थियों को स्वयं अपना पाठ्यक्रम पूर्ण करने को कहना चाहिए।

(D) महत्वपूर्ण प्रश्नों को हल करने में उनकी सहायता करना चाहिए।

Knowledge capsule

35. यह कहा जाता है कि एक कक्षा में विद्यार्थियों के मध्य वैयक्तिक विभिन्नताएँ पायी जाती हैं। यह तथ्य है:

(A) शिक्षण में शिक्षकों हेतु एक बड़ी बाधा है।

(B) शिक्षण के दौरान शिक्षकों को सावधान रहने हेतु एक सुझाव है।

(C) पूर्णतः एक ऐतिहासिक प्रमाण है जो वर्तमान में अप्रचलित है।

(D) ऐसे आलसी शिक्षकों द्वारा समर्थित जो अपनी कमजोरियों के लिए कोई बहाना बनाना चाहते हैं।

36. व्यावहारिक बुद्धि का सम्प्रत्यय दिया गया है। द्वारा

(A) गार्डनर

(B) स्टर्नवर्ग

(C) पियाजे

(D) चिने

37. एक शिक्षक द्वारा उपयोग में लाने वाली तकनीक शामिल करती है:

(a) लेक्चर

(b) अन्तः क्रियात्मक लेक्चर

(c) समूह कार्य

(d) स्व-अध्ययन

नीचे दिये गये संकेतों में से सही उत्तर का चयन करें:

(A) (a), (b) तथा (c)

(B) (a), (b), (c) तथा (d)

(C) (b), (c) तथा (d)

(D) (a), (b) तथा (d)

38. निम्न में से कौन सा कथन शिक्षण सहायक (aids) सामग्री के लिए सबसे ज्यादा सही है?

(A) ये सम्प्रत्ययों को ज्यादा लम्बे समय तक याद रखने में सहायता करते हैं।

(B) ये छात्रों को बेहतर सीखने में सहायता करते हैं।

(C) ये शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को रुचिकर बनाते हैं।

(D) ये 'रोट' अधिगम को बढ़ाते हैं।

39. आज बच्चे एक शताब्दी पूर्व की तुलना में अधिक भावनात्मक दबाव में है। क्यों?

(A) आज का समाज अधिक जटिल है।

(B) परिवार के सदस्यों के साथ संबंध कमज़ोर हो गए हैं।

(C) विद्यालय बच्चों के लिए समजित नहीं है।

(D) पालक बच्चों में कम रुचि लेते हैं।

40. विद्यार्थियों की अनुपस्थिति की आदत के संदर्भ में:

(A) प्राचार्य एवं अभिभावकों को चिन्तित होना चाहिए।

(B) विद्यालय अनुशासन के अनुसार अधिकारियों को उनके विरुद्ध कार्यवाही करना चाहिए।

(C) शिक्षकों को इसे एक गंभीर समस्या के रूप में लेना चाहिए।

(D) नियमित विद्यार्थियों की तुलना में इन विद्यार्थियों को कक्षा में कम प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

41. अभिप्रेरणा का एक मूलभूत नियम जो छात्रों को कठिन परिश्रम करने के लिए आकांक्षित करता है जब :

(A) छात्र अपने लक्ष्य स्वयं निश्चित करते हैं।

(B) छात्र अन्य द्वारा निश्चित तर्कसम्मत लक्ष्य का अनुसरण करते हैं।

(C) छात्र जानते हैं कि दंड सम्भावित है।

(D) छात्र जानते हैं कि वे पुरस्कार प्राप्त करेंगे।

42.उस निर्देश तंत्र का क्या नाम है जो सभी छात्रों को अधिगम समय में भिन्नता की इजाजत देकर निर्देश लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करता है?

(A) सुधारात्मक निर्देश

(B) अन्तर्दृष्टि अधिगम

(C) कुशलता (Mastery) कसौटी

(D) कुशलता (Mastery) अधिगम

43.आपकी कक्षा विद्यार्थियों की ऊँचाई की दृष्टि से काफी विषम है। आप किस प्रकार की बैठक व्यवस्था की अनुमति देंगे?

(A) यादृच्छिक

(B) जहाँ छोटे कद के विद्यार्थी इस प्रकार बिठाए जाएँ कि वे कक्षा की गतिविधियों को सरलता से देख सकें एवं सहभागिता कर सकें।

(C) ऐसी व्यवस्था जो पूर्ण रूप से ऊँचाई पर आधारित हो।

(D) ऐसी व्यवस्था जिसमें कक्षा के लंबे विद्यार्थी एक ओर बैठें।

44. निम्न में से आपकी ईमानदारी को सर्वोत्तम रूप से प्रदर्शित करता है:

(A) मैं सर्वाधिक ईमानदार व्यक्ति हूँ।

(B) मैंने अपने सारे कार्य पूर्ण कर्तव्यनिष्ठा से किए

(C) मैंने किसी भी कार्य के लिए कभी भी कोई उपहार नहीं लिया है।

(D) मैंने अनेक लुभावने प्रस्तावों को अस्वीकार कर दिया है।

45.रविवार की रात को नेहा ने सोमवार की परीक्षा के लिए अध्ययन किया। सोमवार को उसे सब ठीक से याद रहा तथा उस परीक्षा में उसे 'ए' प्राप्त हुआ। परन्तु, जब दो सप्ताह बाद उसने पुनः परीक्षण किया, उसे, पढ़ी गयी कोई सामग्री याद नहीं रही। नेहा की स्मृति में वह अध्ययन की गई सामग्री कहाँ तक गई?

(A) वह उसके सांवेदिक पंजीकरण तक पहुँची।

(B) वह उसकी 'वर्किंग मेमोरी' तक पहुँची।

(C) वह उसकी दीर्घकालिक स्मृति तक पहुँची।

(D) वह उसकी स्मृति तक कभी नहीं पहुँची।

46. कक्षा शिक्षण में ऐसे शिक्षक जो उत्साही होते हैं वे :

(A) विद्यार्थियों का ध्यान आकर्षित करने हेतु सरलता से नाटकीय रूपांतरण करते हैं।

(B) प्रायः अपने उत्साह में अपने अंदर छिपी हुई विषयगत दक्षता को खो देते हैं।

(C) विद्यार्थियों को शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सहभागी बनाते हैं।

(D) उपरोक्त सभी

47. निम्न में से कौन सी संज्ञानात्मक क्षमता उच्चतम स्तर की है?

(A) जानना (B) समझना

(C) विश्लेषण करना (D) मूल्यांकन करना

48. बच्चे के आक्रामक व्यवहार को सुधारने का सबसे प्रभावशाली तरीका है:

(A) उसे एकाकी रखना चाहिए।

(B) उसके व्यवहार के पीछे छिपे कारणों की जाँच करना चाहिए।

(C) उसे कठोरता से दंडित किया जाना चाहिए।

(D) उसे अनदेखा किया जाना चाहिए।

Knowledge Capsule

49. यदि कोई विद्यार्थी आपका सम्मान नहीं करता है, तो आप:

(A) उसे नजरअंदाज करेंगे

(B) परीक्षा में कम अंक प्रदान करेंगे

(C) उसके पालकों से बात करेंगे

(D) उसे फटकारेंगे

50. विद्यार्थियों के गृहकार्य की जाँच की सर्वोत्तम विधि है:

(A) कक्षा के बुद्धिमान विद्यार्थी को जाँचने का कार्य देना।

(B) सामूहिक रूप से कक्षा में उत्तरों की जाँच करना।

(C) आदर्श उत्तर की सहायता से जाँच करना।

(D) नियमित रूप से शिक्षक के द्वारा स्वयं जाँच करना।

51. एक पुरस्कार जो गतिविधि के लिए बाह्य है, जैसे पहचान अथवा यह अच्छी श्रेणी, कहलाता है।

(A) आंतरिक प्रोत्साहन

(B) आंतरिक उदोलन अवस्था

(C) वाह्य प्रोत्साहन

(D) प्राथमिक पुनर्बलन

52. विद्यार्थियों के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण गुण है:

(A) कठिन परिश्रम (B) आज्ञाकारिता

(C) विनम्रता (D) स्वतंत्र चिंतन

53. व्यवहारवादी का कथन है, कि अधिगम का वैज्ञानिक एवं वस्तुनिष्ठ तरीके से अध्ययन करने के लिए दो प्रमुख चीजों का अवलोकन आवश्यक है, ये क्या हैं?

(A) अवधान तथा स्मृति

(B) अनुक्रिया तथा उद्दीपक

(C) अनुक्रिया तथा व्यवहारवाद

(D) स्मृति तथा अनुक्रिया

54. कक्षा शिक्षक के पास कौन सी युग्म विशेषताएँ उसके प्रत्यक्ष नियंत्रण में होती है?

(A) प्रोत्साहन एवं निर्देश की उपयुक्तता

(B) कक्ष तापक्रम एवं प्रकाश

(C) छात्र अवधान तथा निर्देश की गुणवत्ता

(D) 'सीट' समय तथा छात्र अवधान

55. यदि आपके विद्यालय के छात्र मिल-जुलकर कार्य करने से मुँह मोड़ते हैं तो आप क्या करेंगे?

(A) सभी शिक्षक मिल-जुलकर छात्रों के सम्मुख कार्य करेंगे।

(B) मिल-जुलकर कार्य करने के महत्व को समझाएँगे।

(C) इससे संबंधित उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

(D) इस विषय पर पुस्तक पढ़ने को कहेंगे।

56., बालिका शिक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिये, क्योंकि :

(A) बालिकाएँ, बालकों से अधिक बुद्धिमान होती हैं।

(B) बालिकाएँ, बालकों से संख्या में कम हैं।

(C) भूतकाल में बालकों की तुलना में बालिकाएँ बुरी तरह भेदभाव का शिकार होती थीं।

(D) केवल बालिकाएँ ही सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं।

57. छात्र विभिन्नता के अनुसार निर्देश सामंजस्य का कौन सा तरीका है?

(A) मनोविश्लेषण

(B) छात्रों का T वितरण

(C) कक्षा-मध्य क्षमता समूहीकरण

(D) कक्षा के सभी छात्रों पर बुद्धि परीक्षणों को प्रशासित करना

Knowledge Capsule

58. एक शिक्षक के लिए अपने पाठ की योजना बनाते समय दृष्टि प्रतिमा को शामिल करने हेतु कौन से तरीके हैं?

(A) चित्र

(B) नक्शे

(C) ग्राफ

(D) उपरोक्त सभी

59. एक पाठ जो किशोरों के लिए विकासात्मक दृष्टिकोण से उपयुक्त है, की विशेषता............. होगी।

(A) पुनर्विलोकन के लिए फ्लेश कार्ड का उपयोग करना

(B) आधारभूत बातों को स्मृतिगत करना

(C) समझ तथा क्षमता में सतत् वृद्धि करना

(D) प्रमुख तथ्यों को दोहराना

60. डिसलेक्सिया..............से संबंधित है।

(A) मानसिक विकृति

(B) व्यवहारात्मक विकृति

(C) पढ़ने की विकृति

(D) लिखने की विकृति

[EXAM YEAR 2021]

61. एक बालक विचारों में सृजनात्मकता, जिज्ञासा और अभिव्यक्ति में मौलिकता के गुणों को दिखाता है। वह एक

(A) सृजनशील बालक है

(B) प्रतिभाशाली बालक है

(C) बुद्धिमान बालक है

(D) पूर्ण समायोजित बालक है

62. निदानात्मक मूल्यांकन का पीरणाम है

(A) स्व अध्ययन

(B) सह-सहयोगी अधिगम

(C) निरीक्षित अध्ययन

(D) उपचारात्मक शिक्षण

63. एक शिक्षक का अपेक्षित व्यवहार है

(A) आदर्शवादी

(B) सूचनाप्रद

(C) निदेशात्मक

(D) प्रभावशाली

64. क्रूडर प्रिफरेंस रिकॉर्ड प्रश्नावली द्वारा........... का परीक्षण किया जाता है।

(A) शैक्षिक उपलब्धि (B) अभिरुचि

(C) संज्ञानात्मक योग्यता (D) मानसिक योग्यता

65. सफल व्यवसायिक चुनाव के लिए आवश्यक है कि............. का सतर्क विवेचन किया जाय।

(A) बुद्धि, अभिवृत्ति, अभिरुचि एवं व्यक्तित्व प्रवृत्ति

(B) बुद्धि, प्रेरणा एवं माता पिता का मत

(C) अभिवृत्ति, बुद्धि एवं व्यक्तित्व प्रवृत्ति

(D) अभिरुचि एवं प्रेरणा

66. अनेक छात्रों में किसी प्रकार के कार्य के लिए समान योग्यता हो सकती है परन्तु उनके.........में स्पष्ट अंतर होता है।

(A) दृष्टिकोण

(B) अभिवृत्ति

(C) अभिरुचि

(D) व्यक्तित्व

Knowledge Capsule

67. "एक शिक्षक वास्तव में कभी भी सिखा सकता जब तक कि वह स्वयं नहीं सीख रहा हो। एक दीपक दूसरे दीपक को प्रकाशमान नहीं कर सकता जब तक कि वह लगातार अपनी लौ में न जले।" कहा गया है

(A) एम. के. गांधी

(B) रबीन्द्रनाथ टैगोर

(C) डॉ. राधाकृष्णन

(D) डॉ. अम्बेडकर

68. अभिप्रेरित शिक्षण का संकेत है

(A) कक्षा में नीरवता

(B) कक्षा में पूर्ण उपस्थिति

(C) शिक्षक द्वारा दिया गया कक्षा कार्य

(D) विद्यार्थियों द्वारा प्रश्न पूछना

69. शिक्षण की बाल केन्द्रित विधि है

(A) व्याख्यान सह प्रदर्शन विधि

(B) व्याख्यान विधि

(C) अनुसंधान विधि

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

70. छात्र उसी विषय में अधिक ध्यान लगाता है तथा कार्य करना पसंद करता है जिसमें उसकी............ हो।

(A) आत्मविश्वास

(B) प्रेरणा

(C) अभिरुचि

(D) पहचान

71. आरंभिक बाल्यकाल देखभाल और शिक्षा का लक्ष्य............... देना है।

(A) बच्चे के लिए भावनात्मक स्थिरता

(B) बच्चे के लिए शारीरिक स्थिरता

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

72. अभिरुचि और योग्यता में........... संबंध होता है।

(A) नकारात्मक (B) सहज

(C) सकारात्मक (D) जटिल

73. एक शिक्षक साधन-संपन्न है जब वह

(A) संसाधनों को प्रयोग में लाने का कौशल रखता हो

(B) विद्यालय के वातावरण में समंजित होना जानता हो

(C) छात्रों के बीच बहुत अच्छी छवि रखता हो

(D) उच्च अधिकारियों से अच्छे संबंध रखता हो

74. कक्षा में एक छात्र आपसे प्रश्न करता है, जो प्रकरण से संबंधित नहीं है। आप

(A) प्रश्न को अनसुना कर देंगे

(B) उसे प्रश्न पूछने की अनुमति देंगे

(C) उसे प्रश्न बाद में पूछने को कहेंगे

(D) उसे चेतावनी देंगे कि पुनः ऐसा ना किया जावे

75. आपके विचार में, आदर्श विद्यार्थी के पास क्या होना चाहिए ?

(A) धैर्य

(B) आज्ञाकारिता

(C) आक्रामकता

(D) स्वतंत्र सोच



Knowledge capsule

76. विद्यार्थियों को उनकी योग्यताओं, बौद्धिक क्षमताओं एवं अभिरुचियों से अवगत कराने के लिए आवश्यक है

(A) प्रेरणात्मक कहानियाँ

(B) शैक्षिक निर्देशन

(C) मनोवैज्ञानिक मापन

(D) शिक्षक निर्देशन

77. प्रत्येक विद्यार्थी की अभिरुचियाँ, अभिक्षमताएँ व योग्यताएँ एक के अपेक्षा दूसरे में........ होती है।

(A) अधिक

(B) कम

(C) भिन्न

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

78. किसी भी व्यवसाय में जाने से पहले छात्र-छात्राओं को अपनी............. की पहचान होनी चाहिए।

(A) व्यक्तित्व (B) अभिरुचि

(C) योग्यता (D) ज्ञान

79. श्यामपट पर लिखते समय क्या सर्वाधिक महत्वपूर्ण है ?

(A) रंगीन चॉक का प्रयोग

(B) स्वच्छ लिखावट और पंक्तियों में उपयुक्त अंतर

(C) स्पष्ट और शुद्ध लेखन

(D) डस्टर का उचित उपयोग

80. शिक्षण विधि के चयन के लिए........... का ध्यान नहीं रखा जाना चाहिए।

(A) विषय वस्तु का कठिनाई स्तर

(B) कक्षा में व्यक्तिगत भिन्नता

(C) छात्रों का सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य

(D) छात्रों की मानसिक क्षमता

81. राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद की स्थापना वर्ष........... में की गई थी।

(A) 1973

(B) 1850

(C) 1957

(D) 1995

82. यान्त्रिक कार्य के लिए यान्त्रिक.......... कला के लिए कलात्मक........... आवश्यकता होती है।

(A) योग्यता

(B) कार्य कुशलता

(C) प्रतिस्पर्धा

(D) अभिरुचि

83. क्रो एंड क्रो के अनुसार............ किसी क्रिया का कारण भी हो सकती है और उस क्रिया में भाग लेने का परिणाम भी हो सकती है।

(A) अभिवृत्ति

(B) अभिरुचि

(C) प्रेरणा

(D) सोच

84. अभिरुचियों का निर्धारण व्यक्तित्व विकास से होता है। इसका प्रभाव.............. चयन में भी महत्वपूर्ण होता है।

(A) व्यवसाय/रोजगार

(B) उच्च शिक्षा

(C) कार्य कौशलता

(D) दैनिक कार्य के

Knowledge capsule

85. किसी व्यवसाय में सफल होने के लिए व्यक्ति को किसकी आवश्यकता होती है ?

(A) धन

(B) जीवन स्तर

(C) प्रेरणा, निष्कपटता एवं धैर्यशीलता

(D) शैली

86. प्रायः भाई-बहन, माता-पिता और एक शिक्षक............ के प्रमुख श्रोत माने जाते हैं अपने बालकों के लिए.

(A) प्रेरणा

(B) सूचनाओं के

(C) अभिवृत्तियों के

(D) केरियर एवं व्यवसाय चुनने के

87. किसी व्यवसाय में किसी व्यक्ति की संतोषजनक प्रगति तभी हो सकती जब उसमें योग्यता एवं ...........दोनों एक साथ विद्यमान हो।

(A) प्रेरणा

(B) अभिवृत्ति

(C) अभिरुचि

(D) व्यक्तित्व

88. खेल शालेय पाठ्यचर्या का अभिन्न अंग है क्योंकि

(A) शिक्षकों का कार्यभार कम करता है

(B) विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से सशक्त बनाता है

(C) छात्रों में प्रतियोगिता की भावना लाता है

(D) विद्यार्थियों में समन्वय और शारीरिक संतुलन का विकास करता है

89. शिक्षक छात्रों में सामाजिक मूल्यों का बीजारोपण कर सकता है

(A) महान व्यक्तियों की कहानियाँ सुनाकर

(B) आदर्श व्यवहार द्वारा

(C) उनकी आदतों में अनुशासन लाकर

(D) सामाजिक मूल्यों से संबंधित व्याख्यान देकर

90. आपकी कक्षा में आप एक विद्यार्थी को 'अधिगम मंदित' पाते हैं। आप

(A) उसकी अधिगम बाधाओं को पहचानने का प्रयास करेंगे

(B) उसे विशेष रूप से अधिगम मंदित छात्रों के लिए चिह्नित कक्षा में बैठाने का प्रयत्न करेंगे

(C) पहले की तरह पढ़ाना जारी रखेंगे

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

[EXAM YEAR 2022]

91. निम्नलिखित में से कौन प्रभावी स्कूल अभ्यास का एक उदाहरण हैं?

A. निरंतर मूल्यांकन

B. शारीरिक दंड

C. व्यक्तिगत शिक्षा

D. प्रतिस्पर्धी कक्षा

92. छात्र केन्द्रित कक्षा ---------- के लिए हैं।

A. व्यक्तिगत विभिन्नता को संबोधित करने

B. शिक्षक केन्द्रित व्याख्यान को कम करने

C. पूर्व ज्ञान का प्रत्यास्मरण करने

D. पूरी कक्षा को शामिल करने

Knowledge Capsule

93. शिक्षण को प्रभावित करने वाली शिक्षक की अभिवृत्ति -----------पक्ष से संबंधित हैं।

A. भावात्मक पक्ष

B. संज्ञानात्मक पक्ष

C. सामाजिक पक्ष

D. मनोगत्यात्मक पक्ष

94. स्वयं के साथ संचार------------ कहलाता है।

A. संगठनात्मक संचार

B. ग्रेपवाइन संचार

C. पारस्परिक संचार

D. अंतवैयक्तिक संचार

95. निम्नलिखित में से किसमें शिक्षण कौशल समाहित

A. श्यामपट लेखन

B. प्रश्न पुछना

C. व्याख्या करना

D. उपरोक्त सभी

96. एक चिंतनशील शिक्षक कक्षा में---------- स्थिति का सृजन करता हैं।

A. व्याख्यान सुनना

B. शिक्षक के व्याख्यान से नोट्स लेना

C. कक्षा में अनुशासन बनाए रखना

D. विद्यार्थियों एवं शिक्षक के मध्य अंत:क्रिया को बढ़ाना

97. ---------ध्यान के बाह्य कारक का एक उदाहरण है।

A. स्मृति

B. वस्मरण

C. प्रतिस्पर्धा की भावना

D. रूचि

98. मूल्य प्रत्येक मनुष्य में निहित हैं, यह------------ में परिलक्षित होता है।

A. यथार्थवाद

B. प्रयोजनवाद

C. प्रकृतिवाद

D. आदर्शवाद

99. बच्चे के आक्रमक व्यवहार को सुधारने का सबसे प्रभावशाली तरीका क्या है?

A. उसे एकाकी में रखना चाहिए

B. उसके व्यवहार के पीछे छिपे कारणों की जाँच करनी चाहिए

C. उसे कठोरता से दण्डित किया जाना चाहिए

D. उसे अनदेखा किया जाना चाहिए

100. संप्रेषण में संदेशों के ग्रहण करने में सबसे बड़ी बाधा------ है

A. श्रोताओं की अभिवृत्ति B. श्रोताओं का ज्ञान

C. श्रोताओं की शिक्षा D. श्रोताओं की आय

101. "मनोविज्ञान, शिक्षा का आधारभूत विज्ञान हैं।" यह परिभाषा किसने दी हैं?

A. डेविस

B. बी. एफ. स्किनर

C. जीन पियाजे

D. इनमें से कोई नहीं

Knowledge capsule

102. निम्नलिखित में कौन सा अधिगम शैली का उदाहरण हैं?

A. दृश्यात्मक

B. संग्रहण

C. तथ्यात्मक

D. स्पर्शनीय

103. शैक्षिक अनुदेशन का सबसे प्रभावी साधन हैं-

A. दृश्य साधन

B. श्रव्य साधन

C. श्रव्य दृश्य साधन

D. श्यामपट लेखन

104. निम्नलिखित में से कौन सा उपयुक्त रचनात्मक मूल्यांकन कार्य नहीं हैं?

A. मुक्त प्रश्नावली B. परियोजना

C. अवलोकन D. छात्रों की रैंकिंग

105. प्रकृति-पोषण विवाद ----------- संदर्भित करता हैं।

A. अनुवंशिकी और वातावरण

B. व्यवहार और वातावरण

C. वातावरण और जैविक

D. वातावरण और पालन-पोषण

106. एनसीएफ 2005 के अनुसार, सीखने का स्वरूप-------- तथा------------- है।

A. सक्रिय, सामाजिक

B. निष्क्रीय, सामाजिक

C. निष्क्रीय, साधारण

D. सक्रिय, साधारण

107. सेवाकालीन प्रशिक्षण को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है-

A. पहले से तैयार किया गया प्रशिक्षण पैकेज का उपयोग

B. इसे एक आवासीय कार्यक्रम बनाना

C. सहयोगी दृष्टिकोण का प्रयोग करना

D. प्रशिक्षण अनुवर्ती प्रक्रियाओं का अभ्यास

108. यदि किसी शिक्षक को उत्तर पुस्तिकाओं के मुल्यांकन में विश्वसनीयता स्थापित करनी है, तो उसे............ होना चाहिए।

A. उदार

B. कठोर

C. वस्तुनिष्ठ

D. तत्कालिक

109. निम्नलिखित में से एक विद्यालय के लिए सबसे बड़ी समस्या हैं-

A. वित्त का अभाव

B. अच्छे बुनियादी ढांचे का अभाव

C. अच्छे शिक्षकों का अभाव

D. छात्रों का लगातार अभाव

110. निम्नलिखित में से कौन सी एक उत्तम उपलब्धि परीक्षण की विशेषता नहीं हैं?

A. विश्वसनीयता

B. वस्तुनिष्ठता

C. अनिश्चितता

D. वैधता

Knowledge Capsule

111. छात्रों की सीखने से संबंधित समस्या का उत्तम उपाय---------- हैं।

A. कड़ी मेहनत के लिए सुझाव

B. पुस्तकालय में पर्यवेक्षित अध्ययन

C. निजी ट्यूशन के लिए सुझाव

D. निदानात्मक शिक्षण

112. समान शैक्षिक अवसर का अर्थ है-

A. शिक्षा का वह प्रकार के लिए समान अवसर, जिसके लिए कोई उपयुक्त है

B. प्रत्येक बच्चे के लिए शैक्षिक मानकों की समानता

C. सभी बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर

D. उपरोक्त सभी

113. मनोविज्ञान प्रारंभ में निम्न में से किसका अंग था?

A. दर्शन शास्त्र

B. तर्क शास्त्र

C. भौतिक शास्त्र

D. समाज शास्त्र

114. एनसीएफ 2005 की व्युत्पत्ति-------- में से हुई।

A. मानवतावाद B. व्यवहारवाद

C. रचनावाद D. संज्ञानात्मक सिध्दान्त

115. निम्नलिखित में से कौन सा अनुदेशात्मक सामग्री नहीं हैं?

A. ओवर हेड प्रोजेक्टर

B. ऑडियो कैसेट

C. मुद्रित सामग्री

D. ट्रांसपैरेंसी

116. शाला त्यागी------- होने की संभावना हैं।

A. बेरोजगार

B. सार्वजनिक सहायता की आवश्यकता के प्रति संवेदनशील

C. असामाजिक गतिविधियों में व्यस्त होना

D. उपरोक्त सभी

117. डिजिटल कक्षा में शिक्षक की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका क्या है?

A. दूरस्थ शिक्षा प्रणाली में प्रौद्योगिकी का संचालन

B. सुविधा प्रदान करने वाला

C. कक्षा की निगरानी करना

D. आलोचनात्मक चिन्तन को बढ़ावा देना

118. UNESCO प्रकाशन में दिए गए व्याख्या के अनुसार, शिक्षक की व्यवसायिक-------------आवश्यकताएँ है/हैं

A. शिक्षण व्यूहरचनाओं में नवाचार

B. विषय में दक्षता एवं शिक्षण में सक्षमता

C. व्यवसाय के प्रति न्याय

D. उपरोक्त सभी

119. वंचित समूहों के छात्रों को सामान्य छात्रों के साथ पढ़ाया जाना चाहिए। इसका तात्पर्य हैं-

A. समावेशी शिक्षा

B. विशिष्ट शिक्षा

C. एकीकृत शिक्षा

D. एकांतिक शिक्षा

Knowledge capsule

120. निम्नलिखित में से कौनसा प्रक्षेपित सामग्री के अंतर्गत आता हैं?

A. श्यामपट

B. चित्रावली

C. अधिपारदर्शक लालटेन

D. ग्लोब

[EXAM YEAR 2023]

121. विद्यार्थियों को विषय का चयन करना चाहिये-

A. विषय की उपयोगिता के आधार पर

B. अभिभावकों की इच्छानुसार

C. शिक्षक के दिशा निर्देश के अनुसार

D. उनकी क्षमता व रूचि के अनुसार

122. यदि एक छात्र लगातार विद्यालय में विलंब से आता हैं, तो-

A. उसके अभिभावकों से शिकायत करेंगे

B. इसके कारणों का पता लगाएंगे

C. छात्र को विद्यालय से निकाल देंगे

D. सभी छात्रों के सामने उसे दंडित करेंगे

123. आधुनिक सिनेमा छात्रों को प्रभावित करता है-

A. घर से पलायन में

B. दिवास्वप्नों में रत रहने में

C. रचनात्मक कार्यों को पूरा करने में

D. अभिनेताओं जैसा दिखने दिखाने में

124. कक्षा-कक्ष में संचार निर्भर करता हैं-

A. शिक्षक की स्पष्ट करने की क्षमता पर

B. वषय की कठिनाई स्तर पर

C. विद्यार्थियों की योग्यता पर

D. कक्षा अंतःक्रिया पर

125. अध्यापक की योग्यता एवं व्यवहार का सबसे अच्छा मूल्यांकन तुल्यता करते हैं-

A. उनके प्रधानाध्यापक

B. उनके छात्र

C. समाज के संभ्रात लोग

D. विशेषज्ञ विद्वान

126. छात्रों की प्रगति का ब्यौरा अभिभावकों को देना आवश्यक हैं-

A. इससे अधिभावक अपने बच्चों की प्रगति जान सकते है

B. इससे अभिभावक को ट्यूशन लगाने की उचित सलाह मिलती है

C. इससे बच्चों में डर बना रहता है

D. बच्चे अभिभावकों को गलत जानकारी नहीं दे सकते

127. आपके अनुसार शिक्षा का उद्देश्य क्या होना चाहिये?

A. शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत नौकरी

B. छात्रों की मानसिक योग्यता का विकास

C. छात्रों को कुशल साक्षर बनाना

D. बालकों का संपूर्ण विकास

Knowledge Capsule

128. आज के बच्चों के कंधो पर ही कल देश का दायित्व होगा। इस कथन का क्या आशय हैं?

A. बच्चों का कंधा मजबूत करना चाहिये।

B. बच्चों को स्कूल में शारीरिक प्रशिक्षण देना चाहिये।

C. बच्चों के समुचित विकास पर ध्यान देना चाहिये।

D. बच्चों पर कम भार रखना चाहिये।

129. माना जाता है कि महिला शिक्षक प्राथमिक स्तर की शिक्षा के लिये अधिक उपयुक्त है, क्योंकि-

A. वे बच्चों के साथ धैर्यपूर्वक और प्यार से काम करती है

B. उनके पास अन्य व्यवसायों के लिये कम अवसर है

C. वे कम वेतन पर काम करने के लिये सहमत होती है

D. प्राथमिक शिक्षा के लिये कुछ योग्यता की कोई आवश्यकता नहीं है

130. विद्यार्थियों में नैतिक मूल्य किस प्रकार पैदा किये जा सकते हैं?

A. सुबह की प्रार्थना द्वारा

B. नैतिक मूल्यों पर व्याख्यान देकर

C. पाठ्यक्रम के साथ संबंधित करके

D. महान व्यक्तियों की जीवनगाथा बताकर

131. निकट समाज में व्याप्त बुराईयों का अध्ययन करने का सर्वोत्तम साधन हैं-

A. छात्रों से संपर्क

B. अभिभावकों से संपर्क

C. सामाजिक सर्वेक्षण

D. पुस्तक अध्ययन

132. एक शिक्षक अपने छात्रों से मधुर संबंध किस प्रकार स्थापित करता हैं?

A. उन्हें सदैव हंसी मजाक करके

B. उनसे उचित दूरी बनाकर

C. उनकी समस्याओं को सुनने के बाद उनका निदान करके

D. छात्रों को अपना परम मित्र बनाकर

133. शिक्षण क्या हैं?

A. एक कौशल B. एक कला

C. एक क्रिया मात्र D. एक तपस्या

134. शिक्षकों का मूल्यांकन किसके द्वारा होना चाहिये?

A. निरीक्षण अधिकारियों द्वारा

B. उसके समवर्ती और उच्च अधिकारियों द्वारा

C. समाज द्वारा

D. उनके शिक्षार्थियों द्वारा

135. यदि कहीं राजनीतिक बहस हो रही हैं, तो आप-

A. सक्रिय रूप से भाग लेंगे

B. आनंद लेंगे

C. किसी एक पक्ष की ओर रहेंगे

D. ध्यान ही नहीं देंगे

136. एक अध्यापक के रुप में, आप अपना शाम का समय किस कार्य में लगाना पसंद करेंगे?

A. राजनीति की चर्चा करने में

B. मनोरंजन कार्यों में

C. धनप्राप्ति के अन्य कार्य में

D. सामाजिक कार्य में

137. एक अध्यापक को दृश्य-श्रव्य सामग्री का उपयोग करना चाहिये, क्योंकि-

A. छात्रों की पाठ में रूचि रहती हैं।

B. छात्रों का ध्यान पढ़ाई में केन्द्रित रहता है।

C. ज्ञान को वास्तविक रूप प्रदान करने एवं पाठ में विविधता लाने में सहायक होती हैं।

D. उपरोक्त सभी

138. कक्षा में सृजनात्मक चिन्तन के विकास हेतु शिक्षक को चाहिये कि वह कक्षा में-

A. उन्मुक्त वातावरण रखे

B. छात्रों को नियंत्रित रखें

C. उन्हे परम्पराओं से न हटने दे

D. कदम-कदम पर उनको सही शिक्षा प्रदान करें

139. यदि विद्यालय में शिक्षण सहायक सामग्री का अभाव है, तो आप क्या करेंगे?

A. बिना सहायक सामग्री के शिक्षण करेंगे

B. इन सबकी परवाह नहीं करेंगे

C. स्वनिर्मित सहायक सामग्री का प्रयोग करेंगे

D. उच्च अधिकारियों से शिकायत करेंगे

140. एक शिक्षक निम्नलिखित में से कौन सी पुस्तक पसंद करेगा?

A. मानसिक योग्यता

B. गीता

C. सामान्य ज्ञान

D. शिक्षण की विधियाँ

141. छात्रों का सर्वांगिण विकास किया जा सकता है-

A. अच्छी शिक्षण सुविधा देकर

B. समाजिक दायित्व का बोध करवा कर

C. छात्रों में स्वयं के हित का ज्ञान देकर

D. उनको धन देकर

142. शिक्षा में सुधार किस प्रकार संभव हैं?

A. प्रशासनिक सुधार द्वारा

B. परीक्षा पध्दति में परिवर्तन करके

C. शिक्षा पर अधिक धन खर्च करके

D. श्रेष्ठ शिक्षकों की नियुक्ति करके

143. सफल शिक्षक वहीं हैं, जो------------

A. अच्छे अंक देता हैं

B. नियमित गृहकार्य देखता है

C. कठोर अनुशासन रखता हैं

D. छात्रों की प्रगति के प्रति सजग रहता हैं

74. शिक्षण मुख्य रुप से--------- द्वारा किया जाना चाहिये।

A. कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा

B. अप्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा

C. अनुभवी शिक्षकों द्वारा

D. युवा प्रतिभाशाली व्यक्तियों द्वारा

145. सफल नेतृत्व होता है-

A. प्रजातांत्रिक

B. राजतांत्रिक

C. समूह आधारित

D. तानाशाही

146. कक्षा शिक्षण में ICT प्रयुक्त करते समय-

A. अध्यापक की आवश्यकता नहीं रहेगी

B. अध्यापक के लिये कार्यभार अधिक ले जावेगा

C. अध्यापक की भूमिका समन्वयक के रुप में रहेगी

D. अध्यापक की भूमिका केन्द्रीय हो जावेगी

147. राष्ट्र का विकास किस पर निर्भर करता है?

A. मानवीय साधनों पर

B. वन साधनों पर

C. खनीज पदार्थ साधनों पर

D. भौतिक साधनों पर

148. मान लीजिए आपकी कक्षा में एक प्रतिभाशाली छात्र बैठा है और आपके सभी प्रश्नों के त्वरित उत्तर देता है। आप अपने छात्र के संबंध में क्या करेंगे?

A. आप तुलनात्मक रुप से कठिन प्रश्न पूछेंगे और उसे अधिर न होने के लिये समझायेंगे।

B. आप समझते है कि उसे तुरंत सभी उत्तर दे देने चाहिये, ताकि आप अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त हो सके।

C. आप उसे कहेंगे कि कक्षा में अधिर होना अनुपयुक्त व्यवहार हैं।

D. आप विद्यार्थी से अत्यधिक जटिल प्रश्न पूंछेंगे जिससे यह अहसास हो कि आप सबसे अच्छे शिक्षकों में से एक है।

149. यदि आपका परीक्षा परिणाम अच्छा नहीं है, तो आप क्या करेंगे?

A. विद्यार्थियों को दोषी बताएंगे

B. स्वयं को दोषी समझेंगे

C. परवाह नहीं करेंगे

D. कारण जानने का प्रयत्न करेंगे

150. ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय छोड़ने वालों की सर्वाधिक दर का कारण है-----

A. अप्रासंगिक पाठ्यक्रम

B. गरीबी

C. त्वरित रोजगार के लिये उत्सुकता

D. शिक्षकों के साथ अनुपयुक्त पारस्परिक संबंध

Knowledge capsule